सार-समाचार

## इनामी साइबर ठग गिरफ्तार



**करौली,** (निसं)। करौली साइबर थाना पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। जयपुर के जगतपुरा से पकडे गए आरोपी की पहचान नागौर के डेगाना निवासी गोविंद मोदानी पुत्र गणेश मोदानी महाजन 29 के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस पहले ही राजकोट,गुजरात के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें मुस्कान हालेपोट्रा 24, आदिल हुनानी 28 और भार्गव चोटालिया 22 शामिल हैं। आरोपियों ने करौली के एक चिकित्सक को स्काइप कॉल पर डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर 6,98,476 रुपए की ठगी की थी। जिला पुलिस अधीक्षक बृजे'ा ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में साइबर अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम के सुपर विजन मे गठित पुलिस टीम द्वारा 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है साईबर थानाधिकारी हरीराम के अनुसार आरोपियों ने पीड़ित को बैंक खातों में लेनदेन का हवाला देकर कानूनी कार्यवाही का भय दिखाया। डर के मारे पीडित ने जयपुर जाकर आरोपियों के खाते में रकम ट्रांसफर कर दी। पुलिस की डिजिटल ट्रैकिंग टीम ने पूर्व में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के आधार पर गोविंद को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दिन ही उसके बैंक खाते में आंध्र प्रदेश,केरल और कर्नाटक से साइबर फ्रॉड के जरिए 2.51 करोड़ रुपए जमा मिले।

## भगवान परशुराम का किया अभिषेक

**करौली/कैलादेवी,** (निसं)। अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान श्री परशुराम जी के जन्म उत्सव के उपलक्ष में अठासेन धर्मशाला कैलादेवी में भगवान श्री परशुराम जी की पूजा ,अर्चना ,महा आरती ,प्रसाद वितरण का कार्यक्रम ब्राह्मण महासंघ के तत्वाधान में एवं ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय बंटू नेता के मुख्य आतिथ्य में बड़ी धूमधाम से कैलादेवी ब्राह्मण महासंघ के कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि वेद प्रकाश उपाध्याय के द्वारा भगवान परशुराम जी का स्नान, चंदन,पुष्प अर्पित कर ,दीप प्रज्वल कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई कार्यक्रम में ओम प्रकाश सारस्वत, गोपाल पीटीआई,सोनू शर्मा,सत्यनारायण मेहरा आदि ने समाज में व्याप्त कुरीतियां को खत्म करने एवं सभी ब्राह्मणो को एकजुट के साथ कार्य करने एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे कार्यक्रमों में प्रथम पंक्ति में बैठे या मुख्य धारा से जुड़े प्रमुख लोगों के आगे आने की बात कही और समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के लिए सदैव तत्पर रहूंगा हर सुख दुख में समाज के साथ तन मन धन सेवा करूंगा,ऐसा भरोसा प्रदेश अध्यक्ष जी द्वारा दिलाया गया।कार्यक्रम मे घनश्याम शर्मा गिरीश शर्मा,सोनू शर्मा,जगदीश शर्मा,मदन मोहन शर्मा,बंटी शर्मा,राधामोहन,छोटू, अंशुल शर्मा,रघुवीर शर्मा, कौशल पांडेय,विक्की शर्मा ,चतुर्भुज शर्मा, डिंपल शर्मा, श्रवण महेरा जी, गजानंद शर्मा,रामू शर्मा ,अरविंद शर्मा ,पुनीत शर्मा, अनिल महेरा, अंकित शर्मा, रितिक शर्मा, लोकेश शर्मा, हर्ष शर्मा, सोनू समाधिया ,अर्जुन पंडित, बंटी शर्मा दिनेश शर्मा केशव कुशमतिया, दिनेश मरैय्या, अंशुल शर्मा रितिक कुशमतियां, विनोदआदि सैकड़ों विप्र बंधु उपस्थित रहे। इसके अलावा करौली जिला मुख्यालय स्थित ब्राह्मण सभा भवन में भगवान परशुराम मंदिर में पंडित दीपक शास्त्री के मंत्रोचारणो के बीच विधि विधान से ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मदन मोहन उर्फ पप्पू पचौरी, परसोत्तम शर्मा, कैलाश हरदैनिया, डॉ.देवकुमार शर्मा, ललित हरदैनिया, अरविंद कौशिक, सुनील शर्मा, सुरेश शुक्ला, विष्णु चंद्र दरूरा सहित समाज के प्रमुख और वृद्धजन और युवाओ नें पूजा अर्चना की वही भगवान परशुराम के जमकर जयकारे लगाए अंत में भगवान परशुराम की आरती कर भोग प्रसादी वितरण कर आगे की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया।

## बालश्रम की रोकथाम को लेकर बैठक

**करौली,** (निसं)। जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता विभाग एवं एक्शनएड-यूनिसेफ करौली द्वारा बालश्रम मुक्त करौली अभियान के अंतर्गत जिले में विवाह आयोजनों में बालश्रम की रोकथाम को लेकर बैठक की गई। बाल कल्याण समिति सदस्य फरीदा शाह ने बताया कि बाल श्रम की रोकथाम हेतु बालश्रम मुक्त करौली अभियान के तहत आमजन को जागरूक किया जा रहा है। विवाह आयोजनों में बालश्रम की रोकथाम के लिए बाल कल्याण समिति कार्यालय में समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में एक्शनएड-यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने कहा कि आखातीज (अक्षय तृतीया) पीपल पूर्णिमा, अबूझ सावों पर बड़ी संख्या में विवाह आयोजन होते हैं। विवाह आयोजनों में मैरिज होम, मैरिज गार्डन, डीजे, डेकोरेशन, हलवाई, टेंट, कैटरिंग आदि कार्यो में बच्चों से बड़ी संख्या में श्रम कार्य करवाये जाते हैं। बाल श्रम को रोकने के लिए बाल कल्याण समिति से आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया। बैठक में भीकम सिंह प्रभारी चाइल्ड हेल्पलाइन ने बालश्रम की घटनाओं से अवगत करवाया। जिसे बाल कल्याण समिति द्वारा गंभीरता से लेते हुए बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा, सदस्य फजले अहमद, दिलीप कुमार मीणा व फरीदा शाह की चार सदस्यी न्यायपीठ द्वारा जिलें में मैरिज गार्डन, मैरिज होम, टेंट, केटरिंग, डीजे, बैंड, हलवाई आदि संचालकों, प्रबंधकों को 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को श्रम कार्य नही करवाने हेतु पाबंद करने के आदेश जारी किया गया। विवाह आयोजनों में बाल विवाह एवं बालश्रम पर कड़ी नजर रखने एवं ऐसा होने पर शीघ्र चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर शिकायत करने व बच्चों का रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश करने के आदेश दिये गये हैं।

## वाटर कूलर भेंट किया

**भरतपुर,** (निसं)। न्यायिक क्षेत्र में अपनी सुदीर्घ सेवाओं के लिए प्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. राजेन्द्र मोहन शर्मा रग्गो पण्डित की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र विवेक शर्मा द्वारा जिला न्यायालय परिसर को वाटर कूलर भेंट किया गया। यह भावपूर्ण योगदान न्यायालय परिसर में जल सुविधा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस भेंट का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश केशव कौशिक द्वारा किया गया। उन्होंने स्व. शर्मा के व्यक्तित्व और उनके न्याय क्षेत्र में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए इस पहल की सराहना की।इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष दिनेश दद्पुरा बार एसोसिएशन समिति भरतपुर ने अनुग्रहकर्ता की भूमिका निभाई। उन्होंने विवेक शर्मा द्वारा किए गए इस कार्य को स्व. राजेन्द्र मोहन शर्मा की शिक्षाओं और मूल्यों का प्रतीक बताया। यह आयोजन न केवल एक सामाजिक सेवा का उदाहरण थाए बल्कि स्वण् शर्मा को सच्ची श्रद्धांजलि भीए जो आने वाली पीढ़ियों को सेवा और समर्पण का संदेश देता रहेगा। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता, धर्मगोपाल चतुर्वेदी, ताराचन्द शर्मा, जमुना प्रसाद शर्मा, राजेन्द्र खण्डेलवाल, हेमन्त फौजदार, अरविन्द सोलंकी, तेजवीर सिंह, राकेश सिंह, महासचिव हरकेशसिंह, जुबैर खान, मुकेश पौनिया, गिरीश शर्मा, महेन्द्र कोली सहित कर्मचारीगण, परिवादीगण आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश शर्मा द्वारा किया गया।

## मार्ग निर्माण के लिए सीएम को लिखा पत्र

**करौली,** (निसं)। राधा मदन मोहन तीन कोसीय नगर परिक्रमा मार्ग के पुनः निर्माण कों लेकर युवा विकास बोर्ड अध्यक्ष और करौली के प्रभारी मंत्री रहे भूपेंद्र सैनी ने नगर परिक्रमा समिति की मांग पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा स्वायत शासन विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा कों पत्र लिखा है और अधूरे रहे मदन मोहन नगर परिक्रमा मार्ग कों पुरा करवाने के लिए बात कही है। मदन मोहन नगर परिक्रमा समिति से जुडे जीतू शुक्ला, दिलीप शर्मा, बिरजू तमोली, वरुण चतुर्वेदी आदि ने बताया की बुधवार कों भाजपा कार्यालय पर करौली के पूर्व प्रभारी मंत्री से इस मामले कों लेकर मुलाकात कि जिस पर उन्होंने मदन मोहन जी परिक्रमा मार्ग के बारे में समिति सदस्यों से विस्तार से जानकारी प्राप्त करने के बाद मुख्यमंत्री कों पत्र लिखा और मार्ग के निर्माण करवाये जाने की अभिशंषा की।

# बुजुर्गों का सम्मान कर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया

**भरतपुर,** (निस)। भुसावर कस्बे के बरपाड़ा कॉलोनी स्थित ब्राह्मण धर्मशाला पर भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जहां समाज को एक जुट होकर चलने का संदेश दिया गया और बुजुर्गों के बताए हुए मार्गों पर चलने का संकल्प लेते हुए समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का संदेश दिया। वहीं ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका भुसावर के उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल पाण्डेय एवं परशुराम विप्र बाल अखाड़ा के संचालक राजेंद्र पाण्डेय गुरुजी ने जानकारी देते हुए बताया कि विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का जन्मोउत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास पूर्वक उत्साह एवं उमंग के साथ बरपाड़ा स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में आज बुधवार को मनाया गया।

■ समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का संदेश दिया



भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

जहां सर्वप्रथम अल सुबह प्रभात फेरी निकालते हुए धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। वही ब्राह्मण धर्मशाला पर 9 बजे विप्र समाज के लोगों ने भगवान परशुराम की तस्वीर छवि पर माल्यार्पण, शस्त्र की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात विद्वान पंडित बबलू नवारिया, पंडित किशोरी लाल जी भारद्वाज, पंडित चेतराम पांडे ने मंत्र उच्चारण के साथ विश्व शांति एवं मानव कल्याण के साथ क्षेत्र में खुशहाली की कामना करते हुए उपस्थित विप्र समाज के लोगों को आहुतियां प्रदान करवाई गई। वही ब्राह्मण धर्मशाला पर भगवान परशुराम की जन्म उत्सव के उपलक्ष में बुजुर्ग सेवानिवृत बाबूलाल जी पाण्डेय, कोठी वाले हनुमान जी मंदिर के सेवक महेश चंद जति, रोशन लाल जी पांडा, जगदीश जैमन, गोविंद माधव, पेंशनर समाज उप शाखा भुसावर के महेश चंद शर्मा, सेवानिवृत रविंद्र कुमार, उर्फ रवि दरोगा, नर्सिंग ऑफिसर चंद्रशेखर, सोनू पांडे, बबलू जैमन, पिंटू मिश्रा, लोकेश जैमन, राजू सहित विप्र समाज के गणमान्य नागरिकों का दुपट्टा पहना कर स्वागत सम्मान किया गया और विप्र बाल अखाड़ा ने पट्टे बाजी का प्रदर्शन करते हुए भगवान परशुराम के जयकारो से वातावरण गुंजायमान कर दिया परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का समापन महा आरती के बाद प्रसादी वितरण के साथ किया गया।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में 51 जोड़े बने हमराही

**करौली,** (निसं)। करौली में जाटव बैरवा समाज की ओर से आयोजित 17 वे सामूहिक विवाह सम्मेलन में 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे जिन्हें भामाशाह और जनप्रतिनिधियों ने आशीर्वाद दिया।

करौली जिला मुख्यालय स्थित लवकु'ा मैरिज गार्डन मे जाटव बैरवा सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति पार्क करौली के तत्वाधान में 17वा सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजित किया गया जिसमें विद्वान पंडितों के मंत्रोचारणो के बीच 51 जोडे परिणय सूत्र में बंधे कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रीय सांसद भजनलाल जाटव, सपोटरा विधायक हंसराज मीणा, हिंडौन की पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, सिद्धिविनायक ग्रुप के कमलेश शर्मा, करौली के प्रमुख उद्योगपति हाजी रुखसार अहमद, हिंडौन विधायक अनीता जाटव, लोकसभा प्रत्याशी ईंदु देवी जाटव,हट्टीराम ठेकेदार के अलावा कई अन्य जनप्रतिनिधि एवं भामाशाहों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होते रहनी चाहिए इससे एक दूसरे में प्रेम, भाईचारा और गरीब परिवार के बालक बालिकाओं के घर बसते हैं इस अवसर पर भामाशाहों ने वर एवं वधू को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद जीवन की कामना की इस अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष उदय सिंह जाटव, प्रभाव चैधरी, रामगिलास जाटव सहित कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं समाज के प्रमुख लोगों ने अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया।



जाटव बैरवा समाज की ओर से आयोजित 17 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्मेलन में 51 जोड़े हमराही बने

## रात्रि चैपाल कार्यक्रम जारी

**करौली,** (निसं)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने मई 2025 के लिये रात्रि चैपाल कार्यक्रम जारी किया।

जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि आज 1 मई गुरूवार को सांय 6:30 बजे से करौली पंचायत समिति की ठााम पंचायत जहांगीरपुर, 6 मई मंगलवार को सांय 6.30 बजे से मण्डरायल पंचायत समिति की ठााम पंचायत राहिर, 8 मई गुरूवार को सांय 6.30 बजे से मासलपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत फतेहपुर, 15 मई गुरूवार को सांय 6.30 बजे से नादौती पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गढमौरा, 22 मई गुरूवार को सांय 6.30 बजे से श्रीमहावीरजी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पटौंदा व 30 मई शुक्रवार को सायं 6.30 बजे से पंचायत समिति सपोटरा की ठााम पंचायत भरतून में रात्रि चैपाल आयोजित कर जन समस्याऐं सुनी जायेंगी और मौके पर अधिक से अधिक परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

इस संबंध में जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिये।

## बैठक आयोजित

**भरतपुर,** (निसं)। ग्राम ललिता मूडिया व भरतपुर शहर के जसवंत नगर में समता आन्दोलन की बैठक रखी गई। बैठक में समता आन्दोलन से जुडे युवा वयस्कों की उपस्थिति रही।बैठक उपस्थित सभी जनों को 10 मई 2025 को समता आन्दोलन के स्थापना महोत्सव में आने का आव्हान किया।

जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर ने समता आंदोलन के राष्ट्रवादी समता वादी मूल्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही यह भी कहा समता आंदोलन जातिगत आरक्षण जातिगत भेदभाव के विरुद्ध है।यह आन्दोलन शोषित वंचित पीडित के हक के लिए लड़ाई लड रहै।इस अवसर पर अशोक कुमार सारस ,मनीष सोनी, डा.गुलाब सिंह , सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक राधेश्याम, पूर्व सरपंच केशव देव ,सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक बृज मोहन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# आठवें वेतन आयोग में पेंशनरों को लाभ दिलाने की मांग

**भरतपुर,** (निसं)। राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण षाखा भरतपुर के संरक्षक भगवान सिंह, हरीसिंह एवं ष्यामसुन्दर षर्मा की अध्यक्षता में संस्थान की मासिक संगोश्ठी पुलिस लाईन भरतपुर स्थित मीटिंग हॉल में आयोजित हुई, जिसमें सेवानिवृत पुलिस कर्मियों की समस्याओं के सम्बन्ध में विचार विमर्ष किया गया।

सचिव गिरधारी लाल गुप्ता ने बताया कि 25 मार्च 2025 को केन्द्र सरकार द्वारा लोकसभा में वित्त विधेयक पारित किया गया, जिसके अनुसार आठवें वेतन आयोग में पेंषनरों को लाभ नहीं दिया जाना है तथा वर्तमान में कार्यरत कर्मचारियों को ही वेतनमान का लाभ दिया जायेगा। जिससे कर्मचारियों और पेंषनरों में भेदभाव हो गया है। राजस्थान के सभी पेंषनरों में रोश व्याप्त है, पेंषनरों के हित के सम्बन्ध में कुठाराघात किया गया है, जबकि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपील संख्या 1123/2015 में पारित ऐतिहासिक निर्णय दिनांक 01.07.2015 के अनुसार पेंषन पेंषनर का एक अधिकार है, यह सरकार पर बोझ नहीं है, प्रत्येक पेंषनर वेतनमान में लाभ पाने का हकदार है, परन्तु केन्द्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के उक्त ऐतिहासिक निर्णय को दरकिनार करते हुए आठवें वेतन आयोग में पेंषनरों को लाभ से वंचित किया गया है। मीटिंग में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा केन्द्र सरकार से मांग की गई है कि आठवें वेतन आयोग में पुर्नविचार कर पेंषनरों को न्यायोचित आर्थिक लाभ दिया जावे। वर्तमान में संस्थान के कार्यालय हेतु भवन आवंटित नहीं है, जिसके सम्बन्ध में मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों ने निर्णय लिया कि श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय को ज्ञापन देकर संस्थान के कार्यालय हेतु भवन आवंटित करने हेतु अनुरोध किया जाये ताकि हर महीने मीटिंग सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके।

# पांच दिवसीय भगवान परशुराम जयंती महोत्सव का शुभारंभ

**गंगापुर सिटी,** (निसं)।भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ बुधवार को रुद्राभिषेक हवन पूजन के साथ किया गया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ अनुज कुमार शर्मा ने बताया कि 3० अप्रेल बुधवार के को पंडित मोहन आचार्य, पंडित बनवारी आचार्य, पंडित कौशल, पंडित मनीष,पंडित मनुआचार्य के नेतृत्व में सर्व प्रथम श्री भगवान परशुराम जी के मंदिर पटवा बाजार गंगापुर सिटी पर पूजन किया गया , तत्पश्चात भगवान श्री परशुराम भगवान का रुद्राभिषेक कर हवन किया गया। शाम को संयोजक अनुज कुमार शर्मा के नेतृत्व में परशुराम मंदिर में ग्यारह सौ दीपकों से भगवान परशुराम जी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में रामेश्वर पुजारी अध्यक्ष, महेश उपाध्याय उपाध्यक्ष, मनोज शर्मा, अमित शर्मा, राकेश उपाध्याय, हरिहर खेडापति, महेश शर्मा प्राचार्य, मनोज हरदेनिया, नरेंद्र मोहन आचार्य, रमेश शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, शुभम, कुमार संभव, राजकुमार मिश्रा, अवनीश शर्मा, चंदू पाराशर, अवध बिहारी शर्मा, गोपाल दीक्षित सहित सैकडो लोग मोजूद थे। गुरूवार को गौशालाओ में सुबह 9 बजे चारे पानी की व्यवस्था की जायेगी।



परशुराम जयन्ती महोत्सव के तहत सजी फूल बंगला झांकी।

सार-समाचार

## चारा व दाना-पानी की व्यवस्था की



**गंगापुर सिटी,** (निसं)। जीव अनुकंपा संस्थान के तत्वाधान में आमजन ने निराश्रित मुक पशु पक्षियों को अक्षय तृतीया पर्व पर चारा, दाना, पानी, भोजन की व्यवस्था में सहयोग देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। बुधवार को मोतीलाल गोयल पीलोदा वाले एवं राजेश शर्मा सलेमपुर वाले के सहयोग से प्रातः कालीन प्रकल्प सेवा के तहत औद्योगिक क्षेत्र में गाय बंदर व अन्य पशु पक्षियों के लिए फल फरूट्स केले खरबूजा तरबूज टमाटर चिडावा मूंगफली दाना आदि वितरण किया गया। इसी प्रकार सायं काल प्रकल्प सेवा व्यवस्था में जयपुर मार्ग स्थित भगवान देवनारायण मंदिर पर मुक पशु पक्षियों को चारा दाना पानी भोजन की व्यवस्था की गई। जीव अनुकंपा संस्थान द्वारा दोनों व्यवस्थाओं में सहयोग राशि देने वालों का आभार जताया। इस मौके पर देवी चरण, अरविंद शर्मा, मनसुख गर्ग, गौरव सागर, राहुल पिंटू, एवं महिला बच्चों द्वारा बंदर गाय पशु पक्षियों को चारा दाना भोजन अपने हाथों से वितरित किया। संस्थान से जुडे वेद प्रकाश मंगल ने बताया कि जीव अनुकंपा संस्थान की इस मुहीम जीव प्रेमी आगे बढकर सहयोग प्रदान कर रहे हैं। संस्थान का लक्ष्य हायर सेकेण्डरी अमृत उद्यान में पक्षी घर बनाने का है।

## हादसे में बाइक सवार महिला की मौत

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। राधोपुरा मोड पर मंगलवार रात बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। एक युवक गंभीर घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। झाडोली निवासी अजीत मीणा पनी बुआ कल्याणी देवी (76) को बाइक पर कुआं गांव ले जा रहा था। राधोपुरा मोड पर बोलेरो ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों उछलकर दूर जा गिरे। बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस दोनों को गंगापुर सिटी सरकारी अस्पताल लेकर आई। कल्याणी देवी के शव को मॉर्चुरी में रखा गया। अजीत का अस्पताल में इलाज जारी है। गंगापुर सिटी कोतवाली थाने के एएसआई नौशाद खान के अनुसार, परिजनों की मौजूदगी में कल्याणी देवी का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भागवत सप्ताह को लेकर की प्रेस वार्ता

**करौली**, (निसं)। करौली में क्षेत्र के प्रसिद्ध संत गोमती दास जी की स्मृति में विशेष आयोजन होने जा रहा है। संत गोमती दास मेमोरियल के नेतृत्व में 4मई से 121 श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियो को लेकर पदाधिकारियो ने प्रेस वार्ता की। संत गोमती दास मैमोरियल संस्थान के अध्यक्ष पुरूषोत्तम लाल शर्मा ने गोमती दास मंदिर कार्यालय मे प्रेस वार्ता करते बताया कि कार्यक्रम कि शुरुआत 4 मई को विशाल कलश यात्रा से होगी। इस यात्रा में 1100 महिलाएं भाग लेंगी। यात्रा नगाड खाना दरवाजा के समीप गोपाल जी मंदिर से शुरू होकर फूटाकोट,हटवाडा बाजार,भूडारा बाजार,होली खिडकिया होते हुए ट्रक यूनियन से होकर संत गोमती दास आश्रम गोमती कॉलोनी तक जाएगी। इसके बाद वजीरपुर गेट बाहर स्थित यादव वाटी गोशाला में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। जिसका वाचन पंडित रमे'ा चन्द शास्त्री पाचैली वालो के द्वारा किया जायेगा कथा 10 मई को समाप्त होगी। 11 मई को 121 कुंडीय हवन का आयोजन किया जाएगा। 12 मई को यादव वाटी गौ'ााला मे विशाल भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम की सफल व्यवस्था के लिए 40 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। संस्थान के अध्यक्ष पुरूषोत्तम शर्मा ने क्षेत्र के लोगों और संत के शिष्यों से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने कि अपील कि है।

## महिलाओं को किया जागरुक

**भरतपुर,** (निसं)। महिला अधिकारिता विभाग व दिशा फाउण्डेशन की ओर से नदबई थाना परिसर में संगोष्ठि का आयोजन हुआ। जिसमें थाना प्रभारी विजेन्दर सिंह ने बाल-विवाह को सभ्य समाज का अभिषाप व कानूनी अपराध बताते हुए महिलाओं को जागरुक किया। वही, बाल विवाह की रोकथाम को लेकर पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने का संकल्प दिलाया।इससे पहले थाना प्रभारी व ब्लॉक समन्वयक मधु शर्मा ने विधिवत दीप प्रज्वलित करते हुए संगोष्ठी का शुभारम्भ किया। बाद में थाना प्रभारी ने बाल विवाह से समाज में हो रहे दुष्परिणाम पर चर्चा करते हुए महिलाओं को जागरुक किया। वही, कानून की जानकारी देते हुए महिला उत्पीडऩ सहित अन्य कुरीतियों को दूर करने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने को कहा। बाद में महिला सुरक्षा सखी व महिलाओं ने बाल-विवाह की रोकथाम का हरसंभव प्रयास करने का संकल्प लिया। इस दौरान एएसआई योगेश कुमार, एडवाइजर हिना चौधरी, निशा चौधरी व महिला कार्यकर्ता मौजूद रही।

## परशुराम का जन्मोत्सव मनाया

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर में श्री ब्राह्मण सभा भरतपुर द्वारा अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर विष्णु भगवान के छठवें अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भरतपुर में बुधवार को श्री ब्राह्मण सभा भरतपुर द्वारा श्री ब्राह्मण धर्मशाला खिरनीघाटर पर अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर डा. लोकेष षर्मा की अध्यक्षता में विश्णु भगवान के छठवें अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें पंचामृत द्वारा भगवान परशुराम का महाअभिशेक आचार्य धरणीधर षर्मा, देवेन्द्र पंडित, पवित्र मोहन मुद्गल सहित 21 वेदपाठी पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण के हर्शोल्सास के साथ किया गया। भगवान परषुराम की मूर्ति पर पुश्पाहार पहनाया गया तथा जनेउ धारण कराया गया। भगवान परषुराम के पूजन एवं महाभिशेक के बाद सामूहिक रूप से महाआरती की गई तथा सत्तू, खरबूजा, ककड़ी आदि का भोग लगाकर उपस्थित समस्त महानुभावों को प्रसादी वितरण की गई।

## पुराने रास्ते को चालू करवाया

**भरतपुर,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए चलाए जा रहे 'रास्ता खोलो अभियान' के तहत आज बुधवार को नदबई तहसील प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही करते हुए 11 गाँवों में वर्षों से अवरुद्ध पड़े रास्तों को खुलवाया। इस अभियान की विशेष बात यह रही कि, इसमें मुख्यमंत्री के पैतृक गाँव अटारी में भी वर्षों पुराना रास्ता साफ करवाया गया, जिससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति विश्वास और उत्साह देखने को मिला। आज जिन गाँवों में रास्ता खोलो अभियान के तहत कार्रवाई की गई, उनमें अटारी, ऊंच, गाजीपुर, कबई, खेडीदेवीसिंह, बढा, गांगरौली, बरौलीछार, परसवारा, होंता और डहरा गांव शामिल हैं। इन सभी गाँवों में आपसी विवाद, अतिक्रमण अथवा अन्य सामाजिक कारणों के चलते रास्ते बंद थे, जिससे आमजन को खेतों, स्कूलों, श्मशान घाटों और अन्य सार्वजनिक स्थलों तक पहुँचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अभियान की अगुवाई तहसीलदार दीपा यादव द्वारा की गई।


कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)

फोन न0 07464-220037 ई-मेल आईडी : np.karauli@yahoo.com

क्रमांक : 344-53 दिनांक : 28.04.2025

**खुली बोली /नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि नगरपरिषद करौली निम्न राजस्व आय के दृष्टिगत वित्तीय वर्ष 2025-26 निम्न ठेके खुली/नीलामी बोली द्वारा किये जावेगें।
अतः इच्छुक बोलीदाता कार्य के सम्मुख अंकित तिथि को समय 2:30 पीएम0 तक निर्धारित अमानता राशि जमा कराकर बोली में हिस्सा ले सकते हैं। सशर्त बोली स्वीकार नही की जावेगी। सशर्त बोली स्वीकार नही की जावेगी। बोली स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार परिषद में निहित होगा। बोली की अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती हैं। उचित बोली प्राप्त नही होने की स्थिति में आगामी कार्यदिवस में बोली लगवायी जा सकी सकेगी। जिसका निर्णय अधोहस्ताक्षरकर्ता में निहित होगा। बोली से संबंधित शर्तो का विवरण sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| क्र. सं. | नाम कार्य/ ठेका | अमानता राशि | बोली की अन्तिम तिथि | UBN. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दोपहिया पार्किंग ठेका मदनमोहन जी मंदिर के पास | 10,000/- | 12.05.2025 | DLB2526SSOB03138 |
| 2. | दोपहिया पार्किंग ठेका बजीरपुर गेट के पास गर्ल्स स्कूल के पीछे | 1000/- | 09.05.2025 | DLB2526SSOB03139 |
| 3. | प्राईवेट बस स्टैण्ड पार्किंग ठेका, फायर स्टेशन के पास | 10000/- | 14.05.2025 | DLB2526SSOB03140 |

राज.संवाद/सी/25/1548 सभापति आयुक्त